M 5381

Reg. No. : ....

Name : ....

I Semester B.A./B.Sc./B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.M./B.C.A./B.S.W./ B.A. Afsal-Ul-Ulama Degree (CCSS-Regular/Supple./Improvement) Examination, November 2013

COMMON COURSE IN HINDI (For B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.M.)

1A07 1HIN : Creative Literature

Time: 3 Hours Max. Weightage : 25

निर्देश: किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए ।

1. 'बातचीत में शिष्टाचार' नामक निबंध में लेखक अपने विचारों को कैसे प्रकट करते हैं ?

2. ''प्रथम भेंट अंतिम भेंट से भारतीय नारी की दीन हीन दशा का मार्मिक चित्रण मिलता है ।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए । **(1×4=4) (Weightage 4)**

निर्देश: किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए ।

3. 'नये इलाके में' नामक कविता की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

4. 'ताज' नामक कविता की समीक्षा कीजिए । **(1×4=4) (Weightage 4)**

निर्देश: किन्हीं **दो** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए ।

5. 'पूस की रात' कहानी का संदेश क्या है ?

6. दस दिन की छुट्टी पर श्रवण घर क्यों आया था ?

7. जमीला को क्यों उम्मीद था कि उसके पत्र पढने के बाद युनुस उसके घर नही आयेगा ?

(2×2=4) (Weightage 2 for each)

निर्देश: किन्हीं **तीन** पद्यांशों की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए ।

8. हाय ! मृत्यु का ऐसा अमर, अपार्थिव पूजन ?
जब विषण्ण, निर्जीव पड़ा हो जग का जीवन !
संग-सौध में ही श्रृंगार मरण का शोभन,
नग्न, क्षुधातुर वास विहीन रहें जीवित जन ?

P.T.O.

9. काटेंगे उसे जो, फिर वही उसे बोयेंगे ।

   हम तो कहीं धरती के नीचे दबे सोयेंगे ।

10. खूब खिले हुए फूल को देख कर

    अचानक खुश हो जाना,

    बड़े स्नेही सुहृद की हार पर

    मन भर लाना, झुँझलाना;

11. और जहाँ हर चेतावनी

    खतरे को टालने के बाद

    एक हरी आँख बनकर रह गयी है ।

12. धोखा दे जाते हैं पुराने निशान

    खोजता हूँ ताकता पीपल का पेड़

    खोजता हूँ दहा हुआ घर

    और ज़मीन का खाली टुकड़ा जहाँ से बायें

    मुड़ना था मुझे ।

(3×2=6) (Weightage 2 for each)

निर्देश : किन्हीं **दो** प्रश्नों की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए ।

13. अपनी मातृभाषा में बातचीत करते समय बीच-बीच में अंग्रेज़ी शब्दों को मिलाकर एक तरह की खिचडी भाषा बोलने की जो बुरी प्रथा शिक्षित लोगों में चल पड़ी है, उसको तो रोक ही देना चाहिए ।

14. इस व्यवसाय बद्ध और गतिशील-दोनों प्रकार के जीवनों और व्यक्तियों का साहित्य में समावेश है ।

15. ''वही लोग बुजुर्गो से ऐसी बदतमीजी करते हैं । इस लडके को कहीं दूर होस्टल में रखो ।''

16. पुरुष बेचारे की उग्र तपस्या और अखंड साधना प्राय: स्त्री के द्वारा भंग होती रही है, इसी से उसने इस मायाविनी जाति के स्वभाव की व्याख्या करने के लिए पोथे रच डाले हैं ।

(2×2=4) (Weightage 2 for each)

निर्देश: निम्नलिखित अवतरण पढकर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखिए :

17. जब भाभी ने उसे यह सुखद समाचार सुनाया, तब पहले तो यह सत्य उसकी बडी-बडी शून्य आँखों की दृष्टि को भेदकर हृदय तक पहुँची ही नहीं सका और जब अनेक प्रयत्न करने पर पहुँचा, तो उसका परिणाम विपरीत ही हुआ ।

    अ) प्रस्तुत अवतरण किस लेख से लिया गया है ?

    आ) इस पाठ का लेखक कौन है ?

    इ) भाभी ने किसको समाचार सुनाया ?

    ई) यहाँ 'सुखद' समाचार क्या है ?

18. वह त्राता था, उपदेष्टा था, सेवक था । दुनिया ने उसके साथ अपना क्या संबन्ध बनाया ? उसे फाँसी दी, और इस तरह अपनी व्यवस्था निष्कंटक की । और दुनिया ने उसके साथ क्या संबन्ध बना रखा है ? दुनिया कहती है – 'वह प्रभु था, अवतार था ।'

    अ) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

    आ) यह किसकी रचना है ?

    इ) यहाँ किसके बारे में कहा गया है ?

    ई) यहाँ लेखक क्या कहना चाहता है ?

19. हम तो ज़मीन ही तैयार कर पायेंगे

    क्रान्तिबीज बोने कुछ बिरले ही आयेंगे ।

    हरा-भरा वही करेंगे मेरे श्रम को

    सिलसिला मिलेगा आगे मेरे क्रम को ।

    अ) प्रस्तुत प्रंक्तियाँ किसकी है ?

    आ) यह किस कविता से उद्धृत है ?

    इ) यहाँ क्या बोने की बात कही गयी है ?

    ई) अपने क्रम को आगे क्या मिलेगा ? **(3×1=3) (Weightage 1 for each bunch)**